




... सिर्फ सच का साथ

# जनमुख

वाराणसी, सोमवार, 01 दिसम्बर-2025

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

वाराणसी, लखनऊ, दिल्ली एवं पूर्वी उत्तर प्रदेश व पश्चिमी बिहार में प्रसारित


● वर्ष -43 ● अंक 91 ● पृष्ठ 8 ● मूल्य 2 रुपया













# लोकसभा स्थगित

## खरगे के बयान पर राज्यसभा में हंगामा



● 18वीं लोकसभा का छठां सत्र, 19 दिनों में होनी है 15 बैठकें

**नई दिल्ली।** संसद के शीतकालीन सत्र की हंगामेदार शुरुआत हुई है। एसआईआर के मुद्दे पर विपक्ष ने खासा हंगामा खड़ा किया। शीतकालीन सत्र में एटॉमिक एनर्जी समेत 10 नए विधेयक संसद में पेश किए जा सकते हैं। शीतकालीन सत्र 19 दिसंबर तक चलेगा। 19 दिनों में संसद की 15 बैठकें होनी हैं। यह 18वीं लोकसभा का छठा सत्र है। राज्यसभा में नेता विपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा, 'मुझे उम्मीद है कि आपको बुरा नहीं लगेगा कि मुझे आपके पहले वाले के राज्यसभा के चेयरमैन के ऑफिस से पूरी तरह से अचानक जाने का ज़िक्र करना पड़ रहा है... मुझे दुख हुआ कि सदन को उन्हें विदाई देने का मौका नहीं मिला। फिर भी, पूरे विपक्ष की ओर से मैं उनके स्वस्थ जीवन की कामना करता हूं।' खरगे के बयान पर सत्ता पक्ष ने आपत्ति जताई, जिसे लेकर सदन में हंगामा हुआ। स्थगन के बाद लोकसभा की कार्यवाही फिर शुरू हो गई है। हालांकि एसआईआर के मुद्दे पर विपक्ष का हंगामा अभी भी जारी है। हंगामे के बीच ही वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 'मणिपुर गुड्स एंड सर्विस टैक्स' (दूसरा संशोधन) विधेयक सदन में पेश किया।

### सरकार चर्चा के लिए तैयार

केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने कहा, 'पिछला सत्र आप देख लीजिए जिस तरीके से एंईं का एक मुद्दा लेकर पूरा सदन वॉशआउट कर दिया। उसी तरह का असार इस सत्र में भी देखने को मिल रहा है...सरकार पूरी तरह से तैयार हैं जिस पर वो चर्चा करना चाहते हैं हम जरूर हर विषय पर चर्चा करेंगे। लेकिन विपक्ष की जिम्मेदारी बनती है कि सदन की गरिमा बनाए रखे और सत्र को चलने दें।'

### पीएम मोदी का विपक्ष को कड़ा संदेश

नई दिल्ली। संसद के शीतकालीन सत्र की आज यानी एक दिसंबर से शुरुआत हो रही है। इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सदन के बाहर पत्रकारों से बातचीत भी की। इस दौरान उन्होंने विपक्ष को भी कड़ा संदेश दिया। पीएम मोदी ने कहा कि ये शीतकालीन सत्र सिर्फ प्रथा नहीं है। ये देश को प्रगति की ओर तेज गति से ले जाने के जो प्रयास चल रहे हैं, उसमें ऊर्जा भरने का काम यह शीतकालीन सत्र करेगा, ऐसा मेरा विश्वास है। भारत ने लोकतंत्र को जिया है, लोकतंत्र के उमंग और उत्साह को समय समय पर ऐसे प्रकट किया है कि लोकतंत्र के प्रति विश्वास और मजबूत होता रहता है।

### पीएम के टिप्स वाले बयान पर प्रियंका ने किया पलटवार



**नई दिल्ली।** प्रियंका गांधी ने पीएम मोदी के 'ड्रामा नहीं, डिलीवरी' वाले बयान पर पलटवार किया। प्रियंका ने कहा, 'कुछ जरूरी मुद्दे हैं। चुनाव की स्थिति, SIR, और पॉल्यूशन बहुत बड़े मुद्दे हैं। पार्लियामेंट किस लिए है? यह ड्रामा नहीं है। मुद्दों पर बोलना, मुद्दे उठाना ड्रामा नहीं है। ड्रामा का मतलब है चर्चा की इजाजत न देना। ड्रामा का मतलब है उन मुद्दों पर डेमोक्रेटिक चर्चा न करना जो जनता के लिए जरूरी हैं।'

## सुप्रीम कोर्ट पैनल करूर भगदड़ की जांच के लिए सीबीआई दफ्तर पहुँचा

**नई दिल्ली।** तमिलनाडु के करूर में हुई भगदड़ की केंद्रीय जाँच ब्यूरो द्वारा जाँच की निगरानी के लिए सर्वोच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त मुख्य न्यायाधीश अजय रस्तोगी की अध्यक्षता वाली तीन सदस्यीय समिति के सदस्य, आईपीएस अधिकारी सुमित शरण, सोमवार को करूर स्थित सीबीआई कार्यालय पहुँचे। न्यायमूर्ति रस्तोगी की अध्यक्षता वाली इस समिति में सुमित शरण के अलावा सोनल वी मिश्रा (आईजी, प्रोविजनिंग, सीआरपीएफ, नई दिल्ली) भी शामिल हैं। इस समिति द्वारा अब तक जाँच में एकत्र की गई सामग्री और साक्ष्यों की समीक्षा किए जाने की उम्मीद है। इस बीच, करूर में तैनात सीबीआई के अधिकारी पीड़ितों के परिवारों, घायलों, एम्बुलेंस चालकों, पुलिसकर्मियों, टीवीके पार्टी के स्थानीय प्रशासकों और वेलुचमिपुरम क्षेत्र के व्यवसायियों से पूछताछ कर रहे हैं। इसके अतिरिक्त, सीबीआई ने 12 मृतकों के परिवारों से पूछताछ की है और घटना और मौतों से जुड़ी परिस्थितियों के बारे में उनके बयान दर्ज किए हैं।

## 25 दिसंबर तक बनवा सकेंगे आयुष्मान कार्ड

**ग्रेटर नोएडा।** उत्तर प्रदेश सरकार के निर्देशन पर जिले में 25 दिसंबर तक आयुष्मान भारत गोल्डन कार्ड बनाए जाने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत आशा कार्यकर्ती, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, पंचायत सहायक, कोटेदार, स्कूलों के शिक्षक, प्रधान, सचिव के साथ ही जन सूचना केंद्र संचालक कार्ड बनवाने में मदद करेंगे और लोगों को जागरूक करेंगे। इसके लिए वह आयुष्मान भारत एप डाउनलोड करके, आनलाइन आवेदन करके, लाभार्थियों को सूचीबद्ध अस्पताल भेजकर या टोल-फ्री नंबर पर काल करवाकर कार्ड बनवा सकते हैं।

## कार धमाका मामले में कश्मीर और यूपी में कई ठिकानों पर तलाशी

**श्रीनगर।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने सोमवार को कश्मीर के पुलवामा, शोपियां और कुलगाम जिलों में आठ स्थानों पर छापेमारी की। यह कार्रवाई एक 'व्हाइट-कॉलर' आतंक मॉड्यूल से जुड़े मामले में की गई, जिसके तार दिल्ली के लाल किले के पास हुए कार विस्फोट से जुड़े हुए हैं। राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने दिल्ली में हुए कार ब्लास्ट मामले में अपनी जांच का दायरा बढ़ाते हुए जम्मू-कश्मीर ही नहीं उत्तर प्रदेश के कई ठिकानों पर एक साथ छापा मारा है। उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों और लखनऊ में भी तलाशी अभियान जारी है। यह छापेमारी दिल्ली में 10 नवंबर को हुए उस भयावह कार ब्लास्ट के संबंध में की गई है। एनआईए की टीमों ने शोपियां में मौलवी इरफान अहमद वगाय के आवास पर तलाशी ली। वगाय को इस 'व्हाइट-कॉलर' आतंकी मॉड्यूल के कट्टरता फैलाने और भर्ती करने वाले मास्टरमाइंड के रूप में उभरा है। उसे पिछले महीने एनआईए ने अपनी हिरासत में लिया था, जब उसने पिछले महीने की शुरुआत में हुए कार विस्फोट की जांच अपने हाथ में ली थी।

## कमजोर पड़ा तूफान, भारतीयों का आखिरी बेड़ा सुरक्षित वापस आया

**नई दिल्ली।** बंगाल की खाड़ी में बना चक्रवात दित्वाह अब कमजोर होकर गहरे दबाव में बदल गया है और उत्तर दिशा में 10 किमी/घंटा की रफ्तार से बढ़ रहा है। मौसम विभाग (आईएमडी) के अनुसार रात दो बजे जारी अपडेट के अनुसार, गहरे दबाव का केंद्र तमिलनाडु और पुडुचेरी तट से करीब 50 किमी दूर था। इस बीच उत्तरी तमिलनाडु, पुडुचेरी और दक्षिण आंध्र प्रदेश के तटीय इलाकों के लिए रेड अलर्ट जारी किया गया। वहीं आपदा प्रबंधन मंत्री केकेएसएसआर रामचंद्रन ने बताया कि तमिलनाडु में बारिश से जुड़ी तीन मौतें हुई हैं। इसी बीच श्रीलंका के कोलंबो के बंदरनाइक इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर फंसे भारतीय यात्रियों का अंतिम बेड़ा आज भारत पहुंच गया। भारतीय वायु सेना के विमान से 104 भारतीय यात्री सुबह करीब 6.30 बजे त्रिवेंद्रम (तिरुवनंतपुरम) पहुंचे।

## दिल्ली की हवा में फिर बढ़ा 'जहर' सांस के रोगियों की बढ़ी मुश्किल

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली में जहरीली धुंध का कहर जारी है। इंडिया गेट और कर्तव्य पथ जैसे प्रमुख इलाकों में वायु गुणवत्ता सूचकांक 267 दर्ज किया गया, जो 'खराब' श्रेणी में आता है। वहीं, आनंद विहार और आईटीओ जैसे इलाकों में स्थिति और भी गंभीर है, जहां एक्यूआई 325 के पार पहुंच गया है, जिसे 'बहुत खराब' श्रेणी में वर्गीकृत किया गया है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अनुसार, इन क्षेत्रों में जहरीली धुंध की मोटी परत छाई हुई है। हालिया रिपोर्टों के अनुसार, दिल्ली के विभिन्न हिस्सों में वायु गुणवत्ता चिंताजनक स्तर पर है।

## जनता दर्शन में मुख्यमंत्री ने दिखाया बड़ा दिल


● आर्थिक मदद देने के लिए अधिकारियों को दिया निर्देश



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को 'जनता दर्शन' किया। मुख्यमंत्री ने प्रदेश भर से आए हर पीड़ित से स्वयं मुलाकात की, उनका प्रार्थना पत्र लिया और समस्याओं के निदान का आश्वासन किया। मुख्यमंत्री ने जनपद में तैनात पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों को निर्देशित किया कि पीड़ितों की समस्याओं के स्थानीय स्तर पर समाधान पर विशेष जोर रहे। पुलिस से जुड़े मामलों में निष्पक्षता व पारदर्शिता पूर्वक कार्रवाई पर अधिकारी विशेष ध्यान दें। 'जनता दर्शन' में 42 से अधिक फरियादी पहुंचे। मुख्यमंत्री ने हर एक से मिलकर उनकी समस्याएं जानीं और उचित कार्रवाई के लिए आश्वस्त किया। 'जनता दर्शन' में जमीनी विवाद, राजस्व व पुलिस से संबंधित भी कई मामले आए।

## डॉक्टर शाहीन के घर धमकी एनआईए की टीम

**लखनऊ।** दिल्ली के लाल किला मेट्रो स्टेशन के पास विस्फोट की सहआरोपी लखनऊ की डॉक्टर शाहीन के घर सोमवार दिन में काफी हलचल बढ़ गई। डॉक्टर शाहीन के घर एनआईए की टीम के पहुंचने से आसपास के लोग भी चौकन्ने हो गए। एनआईए ने एटीएस के साथ मिलकर शाहीन के पिता सईद अंसारी व बड़े भाई परवेज से दो घंटे तक पूछताछ की। इस छापे के दौरान इलाके में भारी सुरक्षा-व्यवस्था कर दी गई। मोहल्ले की गली में पुलिस ने बेरिकेटिंग कर आवाजाही लगभग बंद करवा दी, जबकि टीम घर के अंदर कई घंटे तलाशी व पूछताछ में जुटी रही। सूत्रों के अनुसार टीम ने शाहीन के पिता सईद अंसारी और बड़े भाई शोएब से गहन पूछताछ की। टीम सुबह 9.30 बजे पहुंची और करीब 11:42 बजे बाहर निकली। इस दौरान अधिकारी घर के हर हिस्से की जांच करते रहे। हालांकि कहा जा रहा था कि एनआईए शाहीन को भी पूछताछ के लिए लखनऊ लाई है।



## बेरोजगारों के लिए खुशखबरी : प्रदेश के चार जिलों में लगेगा रोजगार मेला




**लखनऊ।** डिजिटल, एआई और पर्यावरण सहयोगी नौकरी के लक्ष्य के साथ प्रदेश को स्किल हब बनाया जाएगा। युवाओं को ध्यान में रख शुरू की गई योजनाएं विकसित यूपी विकसित भारत 2047 को सफल बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होंगी। जल्द ही लखनऊ, गोरखपुर, झांसी, वाराणसी और मुजफ्फरनगर में रोजगार मेला का आयोजन होगा। जिसमें 100 से अधिक कंपनियां 15 हजार से अधिक रोजगार के मौके उपलब्ध कराएंगी। पूर्व में लखनऊ में आयोजित तीन दिवसीय रोजगार महाकुंभ में लगभग सौ कंपनियों ने 50 हजार से अधिक नौकरी युवाओं को दी थीं। वर्ष 2017 से अब तक स्किल इंडिया मिशन और दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना के तहत 5.66 लाख से अधिक आइटीआइ और पालीटेक्निक प्रशिक्षित युवाओं को मिशन रोजगार से नौकरियां मिली हैं। 2,800 से अधिक प्रशिक्षण केंद्रों के जरिए युवाओं को उद्योग उन्मुख कौशल दिया गया है। जिससे बेरोजगारी की दर में कमी आई है।

## विराट कोहली की टेस्ट क्रिकेट में होगी वापसी!



**नई दिल्ली।** विराट कोहली ने टेस्ट प्रारूप में वापसी की अटकलों को खुद ही खारिज कर दिया है। मैच के बाद प्रेंजेटर हर्षा भोगले ने जब विराट से पूछा कि क्या आप केवल वनडे प्रारूप में खेलेंगे, तो कोहली ने हंसते हुए कहा कि हां मैं केवल वनडे ही खेलूंगा। विराट ने कहा कि मैं 37 साल का हूं, इसलिए मुझे रिकवरी का भी ध्यान रखना होगा। मुझे लगता है कि इस समय मेरे पास जो अनुभव है, उसके हिसाब से यह शारीरिक रूप से फिट, मानसिक रूप से तैयार और उन खेलों के लिए उत्साहित होने के बारे में है जो मैं खेल रहा हूं। इससे पहले, बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने उन सभी अटकलों को खारिज किया, जिनमें दावा किया जा रहा था कि बोर्ड विराट कोहली से टेस्ट संन्यास वापस लेने के लिए संपर्क करने वाला है। दक्षिण अफ्रीका से टेस्ट सीरीज में हार के बाद ऐसी चर्चा थी कि बीसीसीआई टेस्ट खेलने के लिए कोहली को मनाने की कोशिश करेगा।

जनमुख हिन्दी दैनिक City लाइव

● तापमान अधिकतम : 28.3°C
● तापमान न्यूनतम : 13.0°C
● सूर्योदय : 06.10
● सूर्यास्त : 05.14

वाराणसी, 01 दिसम्बर, सोमवार, 2025 (3)




छाया : जनमुख डेस्क






काशी-तमिल संगमम में प्री इंवेट : जनमुख डेस्क

# जबरदस्ती काम कराने का विरोध

**● बड़ागांव ब्लाक मुख्यालय पर सचिवों ने काला पट्टी बांधकर लगाये नारे, व्यापक आंदोलन की दी चेतावनी**




**बड़ागांव (वाराणसी)।** ब्लाक मुख्यालय पर सोमवार को प्रदेश स्त-रीय पंचायत सचिव संगठन के आह्वान पर सोमवार को बड़ागांव ब्लॉक के ग्राम पंचायत सचिवों ने ऑनलाइन अटेंडेंस प्रणाली एवं अन्य विभागों का कार्य जबरन ग्राम सचिवों से कराने के विरोध में काला फीता बांधकर प्रतीकात्मक प्रदर्शन किया। ग्राम सचिवों का कहना है कि ऑनलाइन उपस्थिति प्रणाली ग्रामीण क्षेत्रों की कार्यप्रणाली के अनुकूल नहीं है और इससे फील्ड वर्क तथा पंचायत के नियमित कार्यों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। साथ ही अन्य विभागों का अतिरिक्त कार्य सचिवों पर अनावश्यक भार डाल रहा है। प्रदेश संगठन के निर्देश पर काला फीता बांधकर विरोध जताने के बाद सभी ग्राम पंचायत सचिव शांति व अनुशासन के साथ अपने-अपने कार्य क्षेत्रों के लिए रवाना हुए और नियमित दायित्वों का निर्वहन किया। सचिवों ने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर जल्द विचार नहीं किया गया तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा। इस दौरान मुख्य रूप से सचिव हिमांशु चौबे, राम अंचल सिंह, राजीव गौतम, कन्हैयालाल, राहुल गुप्ता, प्रवीण यादव, पुनीत सोनकर सहित अन्य सचिव मौजूद रहे।

## रोटरी व इनरव्हील क्लब ने बलदेव विद्या मंदिर में किया ढलाई पूजन



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** रोटरी क्लब वाराणसी, ग्रेटर और इनरव्हील क्लब ग्रेटर के संयुक्त तत्वावधान में लक्ष्मीकुण्ड स्थित ब्रह्मर्षि बलदेव विद्या मंदिर के जीणोद्धार कार्य के अन्तर्गत रविवार को प्रथम तल का 'ढलाई' पूजन सम्पन्न हुआ। बलदेव विद्या मन्दिर विद्यालय के प्रस्तावित तीन मंजिल भवन के निर्माण के तहत ढलाई पूजन संस्थापक अध्यक्ष देव कुमार अग्रवाल एवं नीता बजाज के सानिध्य में वर्तमान अध्यक्ष संदीप प्रह्लादका एवं संगीता अग्रवाल के उपस्थिति में सम्पन्न हुआ।. इस अवसर पर आयोजित संक्षिप्त सभा को सम्बोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि बलदेव विद्या मंदिर पिछले कई वर्षो से रोटरी क्लब वाराणसी ग्रेटर व इनरव्हील क्लब के सहयोग द्वारा संचालित है। विद्यालय के प्रस्तावित तीन मंजिल भवन में विभिन्न क्लासरूम एवं अन्य व्यवस्थाएं की जा रही हैं जिससे अध्ययन का कार्य सुचारू रूप से हो सके। इस विद्यालय का भवन संस्था के निवर्तमान अध्यक्ष व फाउण्डर विपुल शंकर पण्ड्या के नेतृत्व में निर्माणाधीन है। ढलाई पूजन में प्रमुख रूप से ज्योति जैन, शिवा शैलेट, भारती जायसवाल, राजश्री धूत, रजनी अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष विजय अग्रवाल, राकेश बजाज, राजेश जैन, असीम टण्डन, प्रवीण जैन, कोषाध्यक्ष भूपेन्द्र जायसवाल, उपाध्यक्ष पवन धूत, विजय अग्रवाल, राजेश जायसवाल आदि उपस्थित रहे। संचालन सविच रवि सारडा ने किया। धन्यवाद प्रकाश मनीष अग्रवाल ने किया।

## लहरतारा फ्लाईओवर के नीचे जाम समाधान के लिए नगर आयुक्त ने किया निरीक्षण



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** आज नगर आयुक्त हिमांशु नागपाल द्वारा कैंट स्टेशन के सामने फ्लाईओवर के नीचे लगने वाले जाम की समस्या के समाधान हेतु विस्तृत निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त ने क्षेत्र में व्याप्त अतिक्रमण, अनियमित पार्किंग, ऑटो-टेम्पो स्टैंड की अव्यवस्थित व्यवस्था तथा यातायात के लगातार बाधित होने की स्थिति का गहनता से अवलोकन किया। नगर आयुक्त ने निर्देश दिए कि कैंट स्टेशन के सामने से अतिक्रमण को प्राथमिकता के आधार पर हटाया जाए। फ्लाईओवर के नीचे गलत ढंग से खड़े वाहनों पर सख्त कार्रवाई की जाए।जाम की समस्या के स्थायी समाधान के लिए उपयुक्त एवं व्यवहारिक ड्राइंग डिजाइन का प्रस्ताव तैयार कर शीघ्र प्रस्तुत किया जाए। नगर आयुक्त ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि क्षेत्र में नियमित मॉनिटरिंग की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए तथा किसी भी प्रकार की अराजकता या अवैध कब्जे को तुरंत हटाया जाए। निरीक्षण के समय सहायक नगर आयुक्त अनिल यादव, जोनल अधिकारी मृत्युंजय नारायण मिश्रा, स्मार्ट सिटी के चीफ इंजीनियर अमरेंद्र तिवारी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## नुक्कड़ नाटक 'एकता की गंगा' में पीएम की परिकल्पना को बनाया सार्थक

**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की परिकल्पना 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' को सार्थक बनाते हुए काशी तमिल संगमम 4.0 के अंतर्गत आज काशी हिन्दू विश्वविद्यालय स्थित प्रतिष्ठित विश्वनाथ मंदिर प्रांगण में एक अत्यंत प्रेरक और संदेशपूर्ण नुक्कड़ नाटक 'एकता की गंगा' का भव्य आयोजन किया गया। शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार तथा भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (बीएचयू) के सौजन्य से आयोजित इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य उत्तर और दक्षिण भारत की सांस्कृतिक विरासत के अद्भुत समन्वय को सशक्त रूप से प्रस्तुत करना था। नाटक में मुख्य भूमिका सागर शॉ ने बड़े ही प्रभावशाली अंदाज में निभाई। उनके साथ मिनर्वा राइज़ादा, मेहुल अपराजिता, अद्रीजा रॉय, अनुभा सिंह, हिमांशु गुप्ता, प्रिंस राज, अंकित कुमार ओझा, देवांश पंचारिया और रक्षित मिश्रा जैसे प्रतिभाशाली कलाकारों ने अपने दमदार अभिनय, सशक्त संवाद और भावपूर्ण अभिव्यक्तियों के माध्यम से दर्शकों को बांधे रखा। प्रस्तुति में शामिल प्रत्येक दृश्य ने यह संदेश दिया कि भाषा बदल सकती है, परंतु भावनाएँ और सांस्कृतिक जड़े हमें एक-दूसरे से जोड़ती रहती हैं। कार्यक्रम के अंत में प्रो. अंचल श्रीवास्तव ने कलाकारों की टीम को बधाई देते हुए कहा कि नाट्य-शिल्प समाज में सकारात्मक परिवर्तन और जागरूकता का सबसे सशक्त माध्यम है। काशी तमिल संगमम् जैसे प्रयास हमारी युवा पीढ़ी को यह समझने में मदद करते हैं कि हम सभी भारतीय एक विशाल सांस्कृतिक परिवार का हिस्सा हैं, जिसे गंगा की तरह शाश्वत, पावन और प्रवाहमान एकता की धारा जोड़कर रखती है।

## 300 छात्र तमिल सीखने वाराणसी से जाएंगे तमिलनाडु

**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** काशी हिन्दू विश्वविद्यालय स्थित एल डी अतिथि गृह में श्री गोविंद जायसवाल, संयुक्त सचिव (तकनीकी शिक्षा एवं साक्षरता), उच्च शिक्षा विभाग, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा काशी–तमिल संगमम 4.0 के बारे में बड़ी जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि इस वर्ष काशी–तमिल संगमम के आयोजन के लिए व्यापक तैयारी पूरी हो चुकी है। विभागीय अधिकारियों और आयोजन टीम के सदस्यों की समीक्षा बैठक भी आयोजित की गई, जिसमें समस्त तैयारियों, लॉजिस्टिक, कार्यक्रम संरचना और सुरक्षा-व्यवस्था पर विस्तार से चर्चित हुई। गोविंद जायसवाल ने स्पष्ट किया कि इस बार काशी–तमिल संगमम 4.0 दो चरणों में आयोजित किया जाएगा ।

## वार्षिक खेल दिवस पर बरेका ने किया 'स्पंदन' का आयोजन



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** बनारस रेल इंजन कारखाना महिला कल्याण संगठन द्वारा संचालित बाल निकेतन विद्यालय का वार्षिक खेल दिवस 2025-26 'खेल स्पंदन' का आज शनिवार को बरेका केंद्रीय खेलकूद मैदान में भव्य आयोजन किया गया। बरेका महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा एवं मुख्य अतिथि मोनिका श्रीवास्तव द्वारा ध्वाजारोहण एवं मशाल प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया गया। तत्पश्चात् प्राचार्या, बाल निकेतन रश्मि श्रीवास्तव ने स्वागत भाषण दिया। इसके बाद बच्चों ने खेल प्रतिस्पर्धा एवं विभिन्न प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के मुख्य प्रस्तुतियों में नर्सरी के बच्चों द्वारा ग्लास रेस, बैग पैक रेस, एल.के.जी. के बच्चों द्वारा मंकी रेस, डक रेस, यू.के.जी. के बच्चों द्वारा स्पून एवं लेमन रेस, बुक बैलेंस रेस, पहली कक्षा के बच्चों द्वारा पिक द बॉल एंड ड्रॉप रेस एवं थ्रो रिंग रेस, दूसरी कक्षा के बच्चों द्वारा हर्डल रेस एवं कॉलेक्ट द बॉल विद लेग रेस, कक्षा तीन के बच्चों द्वारा थ्री लेग रेस एवं स्कीपिंग रेस, कक्षा चार के बच्चों द्वारा 100 मीटर रेस, कक्षा चार एवं पांच के बच्चों द्वारा 200 मीटर रेस एवं 400 मीटर रिले रेस के साथ ही योगा, पी.टी., ग्रुप डांस, फॉक डांस जैसी मनमोहक प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

## मन की बात में गूंजी काशी–तमिल संगमम की ध्वनि



जनमुख डेस्क



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम के 128वें संस्करण में आज काशीवासियों के साथ-साथ पूरे देश ने 'काशी–तमिल संगमम' की आध्यात्मिक व सांस्कृतिक समृद्धि की झलक सुनी। पीएम मोदी ने कहा कि 'विश्व की सबसे पुरानी भाषा—तमिल और विश्व के प्राचीनतम नगरों में से एक—काशी, दोनों का संगम अद्भुत अनुभूति कराता है।' उन्होंने बताया कि 2 दिसंबर से नमो घाट पर चौथा काशी–तमिल संगमम प्रारंभ हो रहा है, जिसकी थीम है— 'लर्न तमिल – तमिल करकलम'। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह आयोजन तमिल भाषा, संस्कृति और काशी की अध्यात्मिक परंपरा को एक सूत्र में पिरोने वाला अद्वितीय मंच बन चुका है। उन्होंने काशीवासियों के उत्साह की सराहना करते हुए सभी देशवासियों से इसमें भाग लेने और 'एक भारत–श्रेष्ठ भारत' की भावना को सुदृढ़ करने का आह्वान किया। डॉ. दयाशंकर मिश्र 'दयालु' ने मध्यमेश्वर मंडल के वार्ड संख्या 66, बूथ संख्या 136 पर आकाश जायसवाल के आवास पर भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ कार्यक्रम सुना। डॉ. दयालु ने कहा कि 'मन की बात केवल संवाद नहीं, बल्कि देशवासियों के मन को दिशा देने वाला सशक्त माध्यम है।' उन्होंने कहा कि स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग से देश आर्थिक रूप से और सशक्त बनेगा तथा भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर तेजी से अग्रसर है। भाजपा महानगर अध्यक्ष प्रदीप अग्रहरि ने गुलाब बाग स्थित भाजपा कार्यालय में कार्यक्रम सुना, जब-कि क्षेत्रीय मीडिया प्रभारी नवरतन राठी ने जवाहर नगर के बूथ संख्या 337 पर मन की बात का सामूहिक श्रवण किया।

## डॉ. मनोज तिवारी की पुस्तक का विमोचन



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** सेमिनार हॉल, साइंस फैकल्टी, काशी हिंदू विश्वविद्यालय में नई सुबह इंस्टिट्यूट ऑफ़ मेंटल हेल्थ एण्ड बिहेवियरल साइंसेज व्दारा आयोजित तीन दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार /सतत पुनर्वास शिक्षा कार्यक्रम के शुभारम्भ कार्यक्रम में प्रसिद्ध लेखक, शिक्षाविद एवं मनोवैज्ञानिक डॉ मनोज कुमार तिवा-री, वरिष्ठ परामर्शदाता, एआरटी सेंटर, एसएस हॉस्पिटल, आईएमएस, बीएचयू द्वारा लिखित पुस्तक मानव वृद्धि एवं विकास का विमोचन आलोक अग्निहोत्री अपर जिला जज वाराणसी व सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण वाराणसी, राधा कृष्ण मिश्रा अधीक्षक केंद्रीय कारागार वाराणसी, प्रो. राजीव बाटला डिपार्टमेंट ऑफ़ जिओ फिजिक्स बीएचयू व प्रसिद्ध मनोा-चिकित्सक डॉ अजय तिवारी ने संयुक्त रूप से किया। डॉ मनोज कुमार तिवारी को डॉ अजय तिवारी ने स्मृति चिन्ह, अंगवस्त्र व प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। विदित हो पूर्व में डॉ तिवारी द्वारा बाल विकास एवं अधिगम, मनोविज्ञानः शैक्षिक मूल्यांकन व प्रबंधन, एचआईवी/ एड्सः दशा व दिशा, मनोविज्ञान व शिक्षण बाल मनोविज्ञान व शिक्षाशास्त्र, बाल मनोविज्ञानः शिक्षण व जीवन कौशल, शिक्षा मनोविज्ञान, मानसिक स्वास्थ्यः सार्वभौमिक मुद्दा सहित 12 पुस्तकों की रचना करने के साथ अनेक पुस्तकों में अध्याय लेखन भी किया गया है।






## डॉ. रितु गर्ग लक्ष्मण कैसर रिसर्च एवं अवेयरनेस अवार्ड से सम्मानित

**● इंडियन मेडिकल एसोसियेशन उत्तर प्रदेश के वार्षिक अधिवेशन में दिया सम्मान**



जनमुख डेस्क

**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** बरेली में आयोजित इंडियन मेडिकल एसोसियेशन उत्तर प्रदेश के वार्षिक अधिवेशन में डॉ. रितु गर्ग को लक्ष्मण कैसर रिसर्च एवं अवेयरनेस अवार्ड से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें नेशनल प्रेसिडेंट डा. अनिल नायक, पूर्व नेशनल प्रेसिडेंट डा. शरद अग्रवाल, उत्तर प्रदेश आईएमए प्रेसिडेंट डॉ. राजीव गोयल, डॉ. पी.के. अग्रवाल, डॉ. पालीवाल, डॉ. वी. जिंदल एवं डॉ. प्रदीप आनंद सिंह द्वारा प्रदान किया गया।डॉ. रितु गर्ग को यह सम्मान इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के डॉक्टरों के हित में किए गए उनके उल्लेखनीय कार्यों के साथ-साथ कैंसर रिसर्च, कैंसर स्क्रीनिंग एवं कैंसर जागरूकता के क्षेत्र में उनके सतत योगदान के लिए दिया गया है। वे लंबे समय से समाज में कैंसर के शुरुआती लक्षणों, नियमित जांच, महिलाओं में स्तन व सर्वाइकल कैंसर की जागरूकता, तथा ग्रामीण क्षेत्रों में कैंसर प्रिवेंशन कैंप आयोजित करने के लिए सक्रिय रूप से कार्यरत हैं। उन्होंने कहा कि—'कैंसर एक ऐसी बीमारी है जिसे सही जानका-री, समय पर जांच और जागरूकता से काफी हद तक रोका जा सकता है। हमारा उद्देश्य हर स्तर पर लोगों को जागरूक करना और समय पर इलाज तक पहुँच सुनिश्चित करना है।'डॉ. रितु गर्ग ने आईएमए के सभी वरिष्ठ पदाधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार का प्रोत्साहन उनकी नैतिक जिम्मेदारी को और भी बढ़ा देता है। डॉक्टरों के हित में, डॉक्टर–पेशेंटरिलेशनशिप को मजबूत करने और समाज में स्वास्थ्य जागरूकता फैलाने के लिए वे और भी तन्मयता से कार्य करती रहेंगी।


जनमुख परामर्श मंडल : एस. कुमार राष्ट्रीय अध्यक्ष सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया, संतोष अग्रवाल हरे कृष्ण ज्वैलर्स सभापति, श्री काशी अग्रवाल समाज, श्रीनारायण खेमका, अध्यक्ष : अखिल भारतीय मारवाड़ी सम्मेलन, वी.के.जैन, अध्यक्ष-जैन मिलन, वाराणसी, डा. एस.के.पाठक वरिष्ठ चिकित्सक, डा. नीलम ओहरी स्त्री रोग विशेषज्ञ, प्रधान सम्पादक ब्रजेश कुमार राय 'शर्मा', समाचार सम्पादक सरोज सिन्हा, स्वात्वाधिकारी व स्वामी ब्रजेश कुमार राय 'शर्मा' द्वारा 'गिरीश प्रिंटिंग प्रेस से मुद्रित एवं कार्यालय बी 3/1 काशीराज अपार्टमेंट नदेसर 221002 वाराणसी से प्रकाशित एवं प्रसारित। रजि.33134/78. फोन : 0542-2500324 9336929544, Email : janmukh.vns@gmail.com

## मीरजापुर समाचार

### मीरजापुर में SIR फॉर्म भरने का काम जारी



**मीरजापुर।** ग्राम पंचायत कोल्हुआ शाह के बूथ नंबर 78 पर बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) लल्लू प्रसाद यादव की अध्यक्षता में एसआईआर फॉर्म भरने का कार्य जारी है। पत्रकारों से बातचीत में बीएलओ ने बताया कि अब तक 75 प्रतिशत से अधिक लोगों के फॉर्म भरे जा चुके हैं। हालांकि, इस कार्य में कुछ चुनौतियां भी सामने आ रही हैं। उनके सहयोगी ग्राम रोजगार सेवक राज धर ने जानकारी दी कि कई ऐसे नाम हैं जिनका विवरण मतदाता सूची में नहीं मिल रहा है। इस समस्या के समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों से संपर्क किया जा रहा है। राज धर ने बताया कि जिन लोगों के नाम मतदाता सूची में नहीं मिल रहे हैं, उनके फॉर्म कैसे क्लियर होंगे, इस संबंध में उच्चाधिकारियों के आदेश का इंतजार है। उन्होंने आश्वासन दिया कि जो भी निर्देश मिलेंगे, उसके अनुसार निश्चित समय-सीमा से पहले सभी फॉर्म पूर्ण कर लिए जाएंगे। बीएलओ लल्लू प्रसाद यादव ने आगे बताया कि सुबह से ही लगातार फॉर्म भरे जा रहे हैं। इस महत्वपूर्ण कार्य में ग्राम पंचायत के शिक्षक और अन्य कर्मचारी भी सहयोग कर रहे हैं।

## मऊ समाचार


### डीएम ने घोसी सांसद के आरोपों का खंडन किया

**मऊ।** घोसी लोकसभा सांसद राजीव राय ने चुनाव आयोग को पत्र लिखकर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने दावा किया है कि उनके संसदीय क्षेत्र की विधानसभाओं में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR) के दौरान बड़ी संख्या में मतदाताओं के नाम हटा दिए गए हैं। इन आरोपों पर जिलाधिकारी प्रवीण मिश्र ने सोशल साइट 'एक्स' पर पोस्ट जारी कर दावों को निराधार बताया।

उन्होंने कहा कि यह शिकायत तथ्यों पर आधारित नहीं है। जिलाधिकारी ने 'एक्स' पर दावा किया कि एईं प्रक्रिया पूरी तरह सुचारू रूप से चल रही है। कई बूथ लेवल अधिकारी (BLO) अपना कार्य शत-प्रतिशत पूरा कर चुके हैं। गणना प्रपत्रों के एकत्रण और डिजिटलाइजेशन का कार्य जारी है। उन्होंने बताया कि मतदाता सूची का ड्राफ्ट रोल 9 दिसंबर को प्रकाशित होगा।

## सोनभद्र समाचार

### बच्चों के सामने पत्नी की हत्या



**सोनभद्र।** बभनी थाना क्षेत्र के चपकी गांव में एक दिल दहला देने वाली वारदात सामने आई है। पारिवारिक विवाद के बीच 45 वर्षीय शंकर ने अपनी पत्नी उर्मिला (35) की लात-घूंसों से पिटाई कर हत्या कर दी। घटना के बाद आरोपी दरवाजा बंद कर रात में ही फरार हो गया। सुबह जब वह घर लौटा, तब तक पत्नी की मौत हो चुकी थी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। शंकर और उर्मिला के बीच आए दिन विवाद होता रहता था। रविवार रात भी दोनों में किसी बात को लेकर कहासुनी हुई। आरोप है कि गुस्से में शंकर ने पत्नी को बुरी तरह पीटा और कमरे में बंद कर चला गया। उर्मिला अपने तीन बच्चों के साथ रहती थी, जबकि आरोपी पति दूसरे कमरे में सोया करता था। मृतका के पिता राय सिंह निवासी नधिरा ने बताया कि दामाद का व्यवहार पहले से ही हिंसक था। वर्ष 2019 में भी उसने उर्मिला को कुएं में फेंककर मारने की कोशिश की थी, लेकिन उस समय उसकी जान बच गई थी। सोमवार सुबह जब उर्मिला ने दम तोड़ दिया तो शंकर स्वयं थाने पहुंचा और पत्नी की हत्या की सूचना दी। एसओ कमलेश पाल ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

## बलिया समाचार

### दो बाइक की टक्कर में महिला की मौत, दवा लेकर लौट रही थीं

**नगरा।** भीमपुरा मार्ग के चचया पेट्रोल पंप के समीप शनिवार की रात दो बाइकों की टक्कर में मीना देवी (38) वर्षीय की मौत हो गई। भीमपुरा थाना के करौंदी गांव निवासी मीना देवी कई दिनों से बीमार थीं। देवर प्रिंस चौहान के साथ इंदरपुर से दवा लेकर बाइक से घर लौट रही थीं। चचया स्थित पेट्रोल पंप के समीप पीछे से तेज रफ्तार बाइक सवार ने टक्कर मार दी। बाइक पर बैठी मीना देवी गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गईं। स्थानीय लोगों ने एंबुलेंस से इलाज के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नगरा पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने इलाज के बाद हालत गंभीर देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल में महिला की इलाज के दौरान मौत हो गई। इस बाबत थानाध्यक्ष संजय मिश्रा ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। टक्कर मारने वाले बाइक सवार की तलाश की जा रही है।

## भदोही समाचार

### समाज को एकजुट करने में सहयोग करें युवा : आरके चौधरी




**सुरियावां ( भदोही )।** ऑल इंडिया युवा शक्ति सेना की ओर से रविवार को नगर स्थित रेलवे ओवरब्रिज के पास महाराजा बिजली पासी की जयंती मनाई गई। मुख्य अतिथि लखनऊ, मोहनलाल गंज सांसद आरके चौधरी ने महाराजा बिजली पासी व डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की। लोगों ने 51 किलो का माला पहनाकर उनका स्वागत किया। सांसद चौधरी ने कहा कि पासी समाज आज भी बिखरा हुआ है। उसे समाज के नौजवानों को आगे बढ़ाते हुए समाज को एकजुट करना है। उत्तर प्रदेश की राजधानी में पासी समाज के 12 पुराने किले हैं लेकिन आज तक उसका जीर्णोद्धार नहीं किया गया। अगर हमारी सरकार बनी तो उन किलो का सुंदरीकरण कराया जाएगा। लोक कलाकार राजेंद्र यादव व दीनानाथ हंसमुख ने अपने गीतों से समाज के इतिहास और उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। मौके पर एसके इंद्रा, जाहिद बेग, गणेश यादव, धर्मेंद्र सरोज, बीरेंद्र सरोज, डॉ. जितेंद्र सरोज, परमेंद्र सरोज, अरविंद सरोज, अच्छेलाल आदि रहे। संचालन जटाशंकर मौर्य ने किया।

## प्रयागराज समाचार

### आर्मी के जवान की हत्या, गाड़ी ओवरटेक को लेकर स्कॉर्पियो सवार लोगों से हुआ था विवाद



**करछना ( प्रयागराज )।** करछना थाना क्षेत्र के धरवारा गांव में स्कॉर्पियो सवार बदमाशों की पिटाई से घायल फौजी की दूसरे दिन अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई।

वह चचेरी बहन की शादी में शामिल होने के लिए छुट्टी लेकर घर आए थे। शनिवार की देर रात गांव के पास स्कॉर्पियो सवार लोगों से उनका विवाद हो गया। इस दौरान उनकी बेरहमी से पिटाई कर बदमाश भाग निकले। उनको मिलिट्री हॉस्पिटल लखनऊ में भर्ती कराया गया था जहां रविवार की रात उनकी मौत हो गई। धरवारा गांव निवासी विवेक सिंह (28) पुत्र उमाकांत सिंह आर्मी के इंटेलिजेंस विभाग में तैनात थे। इस समय उनकी ड्यूटी दिल्ली में थी। 29 नवंबर की रात कोहड़ार से लौटते समय धरवारा मोड़ के पास स्कॉर्पियो सवार कुछ लोगों से विवाद हो गया। बदमाशों ने विवेक को बुरी तरह मारपीट कर अधमरा कर दिया। घटना को अंजाम देने के बाद बदमाश भाग निकले। घायल अवस्था में विवेक को लखनऊ के एक अस्पताल में ले गए। हालत गंभीर होने पर उन्हें मिलिट्री हास्पिटल गए जहां रविवार की रात उनकी मौत हो गई। विवेक दो भाइयों में छोटे थे। तीन साल पहले उनकी शादी हुई थी। उनका एक दो साल का लड़का है। विवेक सिंह के चाचा की लड़की की शादी 29 नवंबर को थी। शादी में हिस्सा लेने के लिए वह छुट्टी लेकर घर आए थे। रात में कोहडार से लौटते समय ओवर टेक करने के चक्कर में स्कॉर्पियो सवार लोगों से विवाद हो गया। इसी दौरान उन पर हमला बोल दिया गया। हमला करने वाले नैनी के चाका इलाके के बताए जा रहे हैं। वाहन नंबर के आधार पर पुलिस ने कुछ लोगों को हिरासत में लिया है। विवेक की मौत से शादी वाले घर में खुशियां मातम में बदल गई हैं।

## आजमगढ़ समाचार

### नहीं मिली बाइक तो फोन पर दे दिया तीन तलाक

**अहरौला।** दहेज में बाइक न मिलने पर निकाह के तीन साल बाद शौहर ने मोबाइल पर गाली-गलौज करते हुए 15 नवंबर को तलाक बोल दिया। शौहर के तलाक देने के बाद ससुराल वालों ने जबरन विवाहिता के गहने और कपड़े छीनकर उसे मायके पहुंचा दिया।

पीड़िता आफरीन बानो ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र सौंपकर गुहार लगाई। इधर पुलिस अधीक्षक के आदेश पर अहरौला पुलिस ने शौहर, देवर व ननद के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर ली है। आफरीन बानो की शिकायत पर थाने में दर्ज प्राथमिकी के अनुसार, 11 मई 2022 को उसका निकाह मुस्लिम रीति-रिवाज के साथ अहरौला थाना क्षेत्र के सकतपुर गांव निवासी मोहम्मद हामिद से हुआ था। निकाह के बाद से लगातार मायके से दहेज में बाइक की मांग की जा रही थी।

## सुल्तानपुर समाचार

### बीएलओ ने डेटा इकट्ठा किया, फॉर्म भरने के तरीके भी बताए



**सुल्तानपुर।** फतेहपुर संगत की ग्राम सभा जयसिंहपुर में SIR फॉर्म भरने की प्रक्रिया को लेकर जागरूकता अभियान चलाया गया। बूथ संख्या 367, 368, 369 और 370 पर सभी संबंधित अधिकारियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हुए यह कार्य जिम्मेदारी के साथ संपन्न किया। इस अभियान में लेखपाल, सेक्रेटरी, सहायक अध्यापक भार्गव, वीरेंद्र शुक्ला, पुष्पेंद्र सिंह, बृजेश कुमार, अर्चना यादव, हेडमास्टर हरिओम और बीएलओ गीता देवी, संगीता देवी, रंजीत व प्रवीन बानो शामिल थे। अधिकारियों के अनुसार, छह हजार मतदाताओं में से लगभग चार हजार ने फॉर्म भर दिए हैं। इसके साथ ही त्रिसदस्यीय समिति के अध्यक्ष सूबेदार, कोटेदार रणवीर सिंह, पूर्व प्रधान ओम प्रकाश सिंह, भारत यादव, सोनू कुमार, एजाज अहमद, राम मूरत, प्रवीन बानो तथा मतदाता राजेश कुमार, अमर बहादुर, हिमांशु सिंह, त्रिभुवन यादव, शेर बहादुर और हेमंत कुमार ने भी इस अभियान में अपनी सक्रिय उपस्थिति दर्ज कराई। अधिकारियों ने बताया कि एक ही परिवार के मतदाता अलग-अलग बूथों पर होने के कारण उन्हें खोजने में परेशानी हुई। इसके अतिरिक्त, फॉर्म में पिता या पति का नाम न होने के कारण एक ही नाम वाले विभिन्न मतदाताओं की पहचान करना भी कठिन साबित हो रहा है। अधिकारियों ने ग्रामीणों से अपील की कि वे फॉर्म की पहचान में सहयोग करें। उन्होंने कहा कि आपसी सहयोग से यह महत्वपूर्ण कार्य आसानी से पूरा किया जा सकता है।

सुल्तानपुर के जयसिंहपुर क्षेत्र के ग्राम सभा इमलिया सिकरा में एसआईआर (SIR) फॉर्म को लेकर गंभीर अव्यवस्था सामने आई है। बूथ पर पहुंचे एक सुपरवाइजर ने बताया कि उच्च अधिकारियों के असहयोग और अस्पष्ट निर्देशों के कारण पूरा काम बाधित हो रहा है। सुपरवाइजर आशुतोष ने बताया कि एसआईआर फॉर्म उपलब्ध तो कराए गए हैं, लेकिन उनमें कई लाभार्थियों के नाम गायब हैं। जब इस संबंध में उन्होंने उच्च अधिकारियों से संपर्क किया तो उन्हें केवल 'नाम सर्च कर लो' जैसी सामान्य प्रतिक्रिया देकर बात टाल दी गई।

## गाजीपुर समाचार

### हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट की परीक्षा के लिए 183 परीक्षा केंद्र की सूची जारी

**गाजीपुर।** माध्यमिक शिक्षा परिषद वर्ष 2026 की हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट की परीक्षा के लिए बोर्ड द्वारा 183 प्रस्तावित परीक्षा केंद्रों की सूची जारी कर दी गई है, जो बीते वर्ष की तुलना में 13 केंद्र कम है। बोर्ड द्वारा जो प्रस्तावित परीक्षा केंद्रों की सूची जारी की गई है, उनमें 14 राजकीय विद्यालय है। एडेड माध्यमिक विद्यालयों की संख्या 78 और नान एडेड विद्यालयों की संख्या 91 है। वर्ष 2025 के 50 परीक्षा केंद्र ऐसे रहे जिन्हें इस वर्ष परीक्षा केंद्र नहीं बनाया गया है। उन परीक्षा केंद्रों में तीन तीन राजकीय और एडेड विद्यालय शामिल हैं। जबकि नान एडेड परीक्षा केंद्रों की संख्या 44 रही है। माध्यमिक शिक्षा परिषद प्रयागराज द्वारा रविवार को 183 प्रस्तावित परीक्षा केंद्रों की सूची जारी कर दी गई।

## चंदौली समाचार

### शादी में आए मछली कारोबारी की खून से सनी लाश मिली

**चंदौली।** मुगलसराय कोतवाली क्षेत्र के मढिया गांव में रिश्तेदार की बेटी की शादी में आए मछली कारोबारी बहादुरपुर निवासी रोहित साहनी (32) का शव रक्त रंजित हालत में शादी के स्थल से 100 मीटर दूर मिला। उसके सिर और चेहरे पर चोट के गहरे निशान थे। शादी के लॉन से 100 मीटर दूर मछली कारोबारी का शव निर्माणाधीन चहारदीवारी के पास में रखी गई ईंटों के बीच में मिला। रोहित शनिवार की रात रिश्तेदार की बेटी की शादी में आया था। घटना की जानकारी मिलते ही सीओ पीडीडीयू नगर, कोतवाल फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं मौके पर पहुंची फॉरेंसिक टीम ने भी मौके पर पहुंचकर साक्ष्य एकत्र किया। मुगलसराय कोतवाली क्षेत्र के बहादुरपुर गांव निवासी रोहित साहनी की मां मधु साहनी ने बताया कि शादी में रात में खाना खाने के बाद परिवार के सदस्य घर आ गये। लेकिन रोहित नहीं लौटा। रविवार सुबह उसकी लाश मिली। शव बोरे से ढका था। बोरा हटाने गये मजदूर ने जब शव देखा तो सूचना आसपास के लोगों को दी। जानकारी होती ही कुछ ही देर में सीओ कृष्णमुरारी शर्मा, कोतवाल गगनराज सिंह पुलिसकर्मियों के साथ मौके पर पहुंचे। फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल से कुछ ही दूर पर पड़े उसके जूते और खून के सैंपल को जब्त कर साथ ले गई। वहीं पुलिस विवाह समारोह स्थल पर लगे सीसीकैमरे से जांच कर रही है। इस संबंध में सीओ कृष्णमुरारी शर्मा ने बताया कि मामले की जांच रही है। सीसीटी-वी कैमरों की फुटेज देखी जा रही है। बहादुरपुर गांव निवासी रोहित साहनी तीन भाईयों में बड़ा था।

## जौनपुर समाचार

### उपमहानिरीक्षक ने किया कारागार का निरीक्षण

**जौनपुर।** उपमहानिरीक्षक (मुख्यालय) कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवाएं लखनऊ डॉ. रामधनी रविवार को जिले में आए। उन्होंने जिला कारागार का निरीक्षण किया। इस दौरान जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चंद्र के साथ उप महानिरीक्षक ने जेल के अंदर सीसीटीवी कैमरे, लेखा रजिस्टर, जेल चिकित्सालय आदि का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने बंदी गृह में बैरक व अन्य व्यवस्थाओं का भी निरीक्षण कर जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने बंदियों से संवाद करते हुए उनके स्वास्थ्य और भोजन आदि की जानकारी ली। कौशल विकास प्रशिक्षण, वृद्ध बंदियों के संबंध में जानकारी ली। इस दौरान एएसपी सिटी आयुष श्रीवास्तव, सीएमओ डॉ. लक्ष्मी सिंह आदि मौजूद रहे।

## गोरखपुर समाचार

### मोहद्दीपुर में काम करने वाली लड़की की बिहार में मिली बॉडी, हत्या की आशंका



**गोरखपुर।** मोहद्दीपुर में घर में काम करने वाली एक 21 साल की नीतू साहनी की मौत पर जमकर हंगामा हुआ। नाराज परिजनों ने रविवार देर शाम करीब 6:30 बजे युवती की लाश रखकर मोहद्दीपुर सड़क जाम कर दी।

सड़क जाम की सूचना पर कैंट और अन्य थानों की पुलिस पहुंची। पुलिस ने परिजनों का समझाकर सड़क से किनारे हटाया। करीब 15 मिनट तक सड़क पर जाम की स्थिति बनी रही। परिजनों का आरोप है कि बेटी को मोहद्दीपुर में रहने वाली महिला के फ्लैट में काम करने के लिए भेजा था। शनिवार को अंजान नंबर से कॉल कर बताया गया कि बेटी की तबीयत खराब है। यह कहते हुए कप्तानगंज पुलिस बिहार लेकर गई। बिहार के पश्चिमी चंपारण के धनहा थाना क्षेत्र में लाश मिली। इसके बाद बिहार के बगहा में पोस्टमार्टम के बाद लाश लेकर गोरखपुर आए हैं। परिजनों ने बेटी की हत्या की आशंका जताई है। पुलिस से न्याय की गुहार लगाई है। कुशीनगर के कुर्मीपट्टी के अयोध्या साहनी ने बताया कि मेरी पांच बेटियां हैं, एक लड़का है। इसमे से नीतू निषाद को 3 साल पहले मोहद्दीपुर के आर्चिड ग्रीन के एक फ्लैट में रहने वाली संगीता अग्रवाल के पास घर का काम करने के लिए भेजा था। वहां साफ सफाई का काम करती थी।

शनिवार को अंजान नंबर से कॉल कर कुशीनगर के कप्तानगंज बुलाया गया। वहां पहुंचते ही पुलिस गाड़ी में बैठाकर बिहार के पश्चिमी चंपारण लेकर गई। पुलिस ने बताया कि आपके लड़की तबीयत खराब है। बिहार के पश्चिमी चंपारण में पहुंचने पर मेरी बेटी की लाश दिखाई जाती है। बताया गया कि तबीयत खराब थी, जिससे मौत हो गई। लेकिन कोई यह नहीं बताया कि आखिरी मेरी बेटी बिहार कैसे पहुंच गई। रविवार को पोस्टमार्टम के बाद लाश मिली है। अभी तक पोस्टमार्टम रिपोर्ट भी नहीं दी गई।

## देवरिया समाचार

### भटनी से झूंसी के बीच मेला स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया गया

**भटनी।** प्रयागराज में कुंभ मेला को लेकर रेलवे ने भटनी से झूंसी के बीच मेला स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। यह ट्रेन भटनी से झूंसी 11 फेरे व झूंसी से भटनी आठ फेरे चलेगी। भटनी से इस स्पेशल ट्रेन को रात नौ बजे चलाया जाएगा जो अगले दिन भोर में 3:30 झूंसी पहुंच जाएगी।

वही झुंसी से रात 11:25 से चलकर अगले दिन सुबह 7:45 बजे भटनी रेलवे स्टेशन पर पहुंच जाएगी। इसकी जानकारी पर महाकुम्भ के अवसर पर प्रयागराज में आयोजित संगम स्नान करने जाने वाले लोगों ने ख़ुशी जताई है।

05159 कुंभ मेला स्पेशल ट्रेन 12, 13, 14, 15, 26, 27,28, 29 जनवरी 2, 11, 25 फरवरी को भटनी से रात नौ बजे झूंसी के लिए प्रस्थान करेगी। इसका सलेमपुर में 9:22, 9:37, बेल्थरा 9:58, मऊ 10:56, औड़ीहार 12:04, वाराणसी 12:54, माधो सिंह 1:46 बजे पहुंचकर झूंसी में भोर में 3:30 बजे पहुंचेगी। फिर 05160 स्पेशल ट्रेन झूंसी रेलवे स्टेशन से 13,14,15,16, 27,28,29 एवं 30 जनवरी को रात में 11:25 में भटनी रेलवे स्टेशन के लिए प्रस्थान करेगी। लौटने के दौरान वाराणसी में 3:30, मऊ में 5:25, सलेमपुर 6:53 बजे पहुंच कर भटनी 7:45 बजे आएगी।यह जानकारी डीआरएम वाराणसी पीआरओ अशोक कुमार ने दी है।

## लाइफ मंत्र

### भगवान विष्णु ने क्यों लिया मछली का अवतार, पढ़ें कथा



ज्योतिष शास्त्र के अनुसार एकादशी तिथि की तरह द्वादशी तिथि को भी हिंदू धर्म में अधिक महत्व प्रदान है। कहा जाता है इस दिन जो श्री हरि की पूजा विशेष लाभ प्राप्त करती है। तो वहीं मत्स्य द्वादशी के दिन भगवान विष्णु के मत्स्य अवतार की पूजा करने का विधान बताया जाता है। मत्स्य द्वादशी में विधि अनुसार नारायण पूजन करें। चार जल भरे पात्रों में पुष्प डालकर रखा जाता है, उन्हें तिल की खली से ढककर चार समुद्र के रूप में पूजा जाता है। श्रीविष्णु के प्रथम अवतार मत्स्य के रूप में पीली धातु की प्रतिमा का पूजन कर चारों पात्रों का दान किया जाता है। भगवान विष्णु के मत्स्य का विधिवत दोषोपचार पूजन करें। गौघृत में हल्दी मिलाकर दीप करें, मोगरे की धूप करें। केसर चढ़ाएं। गेंदे के फूल चढ़ाएं, बेसन से बने मिष्ठान का भोग लगाएं तथा तुलसी की माला से इस विशेष मंत्र का 1 माला जाप करें। पूजन के बाद भोग प्रसाद रूप में वितरित करें।

**पूजन मंत्रः ॐ मत्स्यरूपाय नमः ॐ अच्युताय नमः**

भगवान विष्णु ने सृष्टि को प्रलय से बचाने के लिए मत्स्यावतार लिया था। सतयुग की बात है एक दिन राजा सत्यव्रत को नदी में स्नान करते समय एक मछली प्राप्त हुई। राजा ने उसे वापिस नदी में डाल दिया तो मछली बोली,' राजा मेरी रक्षा करो इस जल में रहने वाले बड़े-बड़े जीव-जंतु मुझे खा जाएंगे।' वह उसे अपने कंमडल में डाल कर राजमहल ले आए। वहां आकर उसका आकार असमान्य तौर पर बढ़ने लगा।जब वह राजमहल के किसी भी पात्र में पूरी नहीं आई तो राजा ने उसे फिर से नदी में बहा दिया और उसे प्रार्थना करी की अपने असली रूप में दर्शन दे। सत्यव्रत की प्रार्थना पर मछली ने विष्णु रूप में प्रकट होकर सत्यव्रत से कहा की 'सात दिन बाद प्रलय होगी तब तुम एक विशाल नाव में सप्त ऋषियों,औषधियों, बीजों व प्राणियों के सूक्ष्म शरीर को लेकर उसमें बैठ जाना व मैं मत्स्य के रूप में तुम्हारे पास आकर तुम्हें पार लगाऊंगा'। समय के अनुसार वही सब कुछ हुआ तथा प्रलय के बाद मत्स्य रूप धारी श्री हरि ने राजा सत्यव्रत को तत्वज्ञान का उपदेश दिया। जो मत्स्यपुराण के नाम से प्रसिद्ध है। दूसरी मान्यता के अनुसार जब हयग्रीव ने वेदों को चुरा कर सागर की गहराई में छुपा दिया था। तब श्री हरि ने मत्स्य रूप धारण करके वेदों को प्राप्त कर फिर से स्थापित किया था।

## ठंड में त्वचा को दें खास देखभाल, अमेजन लाया है ब्यूटी प्रोडक्ट्स पर बंपर डिस्काउंट



अमेज़न की ब्लैक फ्राइडे सेल में ब्यूटी प्रोडक्ट्स पर 35% से 70% तक की भारी छूट मिल रही है, जो ठंड के मौसम में त्वचा की खास देखभाल के लिए बेहतरीन मौका है। यह सेल स्किनकेयर से लेकर मेकअप तक, सभी ज़रूरी प्रोडक्ट्स पर उपलब्ध है, जिसमें ग्लोबल और घरेलू ब्रांड शामिल हैं। जैसे-जैसे मौसम बदल रहा है और धीरे-धीरे ठंड बढ़ती जा रही है। ऐसे में स्किन का ध्यान रखना भी बेहद जरुरी होता है। अगर आप विंटर स्किन केयर की तलाश में तो अमेजन के ब्लैक फ्राइडे सेल का लाभ उठाएं। इस पर ब्यूटी प्रोडक्ट्स पर मिल रहा है, गजब का डिस्काउंट। विंटर स्किन केयर प्रोडक्ट्स खरीदें, या फिर मेकअप का आइटम,सब पर मिल रहा है जबरदस्त ऑफर। ग्लोबल और घरेलू ब्यूटी ब्रांडों पर 70% तक की छूट के साथ, सर्दी में अपनी स्किन की देखभाल के लिए सेफ और चमक के लिए आवश्यक सभी चीजे काफी जरुरी होती है। हमने इस लेख में विशेष रूप से सर्दियों की देखभाल के लिए एक स्टेप-वाइज-स्टेप लिस्ट तैयार की है, जिसे आप अमेजन ब्यूटी पर आसानी से खरीद सकते हैं।

**स्टेप 1- इस सर्दी में अपनी त्वचा की सुरक्षा और नमी को बनाएं रखें**

सर्दियों का मौसम आपकी त्वचा के लिए ड्राई हो सकती है, अब आपको भी कोमल त्वचा जरुर चाहिए,इस मौसम में प्रभावी देखभाल आवश्यक हो जाती है। ऐसे में आप लाइट, सेफ और हाइड्रेटेड स्किन प्रोडक्ट्स को खरीद सकते हैं। लोकप्रिय ब्रांड जैसे कि सेटाफिल, विशकेयर और द डर्मा कंपनी को ट्राई करें, ये सभी प्रोडक्ट्स ठंडे महीनों में भी त्वचा का संतुलन बनाए रखने के लिए बेस्ट है। लेकिन अगर आपको कोरियाई ब्यूटी के प्रोडक्ट सबसे ज्यादा पसंद हैं, तो चिंता न करें, क्योंकि जब आप अपनी स्किनकेयर को के-ब्यूटी तरीके से लेयर करते हैं तो सर्दियों की परेशानियां टिक नहीं पाती हैं। ठंड के बावजूद चमकती हुई कोमल त्वचा जरुर नजर आती है। ऐसे में आप स्किन 1004 और टिर्टिर जैसे ब्रांड, जिस पर 35% तक की छूट मिल रही है। इसके साथ ही आप शीट मास्क, सीरम और मॉइस्चराइजर खरीद सकते हैं जो आपकी त्वचा को हाइड्रेटेड, चमकदार और संतुलित रखते हैं।

**स्टेप 2- ड्राई से स्किन से नमी वाली त्वचा पाएं**

सर्दियां आपकी त्वचा को रूखा, बालों को बेजान व बॉडी को भी ड्राई कर देता है। ऐसे में शरीर को को नमी की चाहत जरुर होती है। फटे हाथ और रूखे बाल, ये सभी मौसमी चुनौतियां हैं। ऐसे में सर्दियों में निखार को बरकरार रखने के लिए मल्टी-टास्किंग बॉडी बटर, हेयर ऑयल और मॉइस्चराइजर अपनाने का एकदम सही समय है। वैसलीन, लॉरियल पेरिस, बेला वीटा और बाथ एंड बॉडी वर्क्स के स्किनकेयर एसेंशियल्स आपको सिर से पैर तक हाइड्रेटेड, मुलायम और चमकदार बनाए रखने में मदद करेंगे। 50% तक की छूट पर चुनिंदा कॉम्बो और L'Occitane और Kimirica के 30% तक की छूट पर गिफ्ट सेट के साथ अपनी सर्दियों की सेल्फ-केयर को और भी खास बनाएं। इन प्रोडक्ट्स को खरीदकर सिर से पैर तक सर्दियों के निखार का आनंद लेना आसान हो जाता है।

**सर्दियों की रोजमर्रा की लग्जरी प्रोडक्ट्स**

लग्जरी ब्यूटी सिर्फ खास मौकों के लिए ही नहीं है—यह सर्दियों के रूखेपन से निपटने और आपकी दिनचर्या में गर्माहट और नमी लाने का एक बेहतरीन तरीका है। डी'अल्बा, लॉरियल प्रो, वेला, सेरावी, श्वार्जकोफ प्रो और लैनिगे जैसे ब्रांड, आपकी त्वचा और बालों को पोषित रखने के लिए पेशेवर एक्सपर्ट, मनमोहक टेक्सचर और शक्तिशाली फॉर्मूले प्रदान करते हैं। इस पर अभी 50% तक की आकर्षक छूट भी मिलती हैं।



## ठंड में बढ़ते डैंड्रफ ने कर दिया है परेशान? ये नेचुरल हैक्स आएंगे आपके बेहद काम

होम फैशन
रथयात्रा, वाराणसी
8573035762

ठंड का मौसम हम सभी को अच्छा लगता है। कम्बल में कॉफी और कोजी वाइब्स की बात ही कुछ और है। लेकिन ये मौसम मन को जितना भाता है, उतना ही ज्यादा यह हमारी ब्यूटी पर कहर बरपाता है। इस मौसम में डैंड्रफ की समस्या काफी बढ़ जाती है। वो छोटे-छोटे सफेद फ्लेक्स जो हर डार्क आउटफिट पर बर्फबारी जैसे लगते हैं, देखने में काफी गंदे लगते हैं। इतना ही नहीं, स्कैल्प पर होने वाली लगातार खुजली भी मूड को खराब कर देती है।

सर्दी के मौसम में ठंडी हवा स्कैल्प की नेचुरल नमी खींचती है और ऐसे में रूखेपन की वजह से फ्लेक्स बनते हैं। इतन ही नहीं, बालों को धोने के लिए गरम पानी का इस्तेमाल करना या फिर कम पानी पीना कुछ ऐसी चीजें हैं, जो स्थिति को बद से बदतर बना देती हैं। हो सकता है कि आप भी इन दिनों डैंड्रफ की समस्या को झेल रहे हों और इनसे निजात पाने के लिए तरह-तरह के हेयर केयर प्रोडक्ट्स में पैसे खर्च कर रहे हों। हालांकि, आपको ऐसा करने की जरूरत नहीं है। आप बेहद ही आसान हैक्स की मदद से इस डैंड्रफ से छुटकारा पा सकते हैं, जिसके बारे में आज हम आपको इस लेख में बता रहे हैं-

> **सर्दी के दिनों में डैंड्रफ से निजात पाने के लिए नारियल तेल के साथ नींबू का इस्तेमाल करना अच्छा विचार है। जहां नारियल तेल रूखापन दूर करके स्कैल्प को पोषण देता है। वहीं, नींबू में हल्के एसिड होते हैं जो डैंड्रफ पैदा करने वाले फंगस को कंट्रोल करते हैं।**

**नारियल तेल और नींबू का करें इस्तेमाल**

सर्दी के दिनों में डैंड्रफ से निजात पाने के लिए नारियल तेल के साथ नींबू का इस्तेमाल करना अच्छा विचार है। जहां नारियल तेल रूखापन दूर करके स्कैल्प को पोषण देता है। वहीं, नींबू में हल्के एसिड होते हैं जो डैंड्रफ पैदा करने वाले फंगस को कंट्रोल करते हैं। इसे इस्तेमाल करने के लिए आप 2 टेबलस्पून गर्म नारियल तेल लें और उसमें 1 छोटा चम्मच नींबू का रस मिलाएं। इसे स्कैल्प पर 20-30 मिनट लगाकर छोड़ दें। आखिरी में, बालों को माइल्ड शैम्पू से वॉश कर लें।

**एलोवेरा जेल का करें इस्तेमाल**

एलोवेरा जेल स्किन और बालों दोनों के लिए बेहद फायदेमंद माना गया है। यह ना केवल डैंड्रफ को कम करने में मदद करता है, बल्कि जलन और खुजली को तुरंत शांत करता है। दरअसल, इसमें नेचुरल एंजाइम होते हैं जो डेड स्किन को हटाकर हेल्दी स्कैल्प बनाते हैं। आप बस एलोवेरा की पत्ती तोड़कर उसका फ्रेश जेल निकालें और उसे अपनी स्कैल्प पर लगाकर करीबन 20 मिनट के लिए छोड़ दें। आखिरी में, बालों को वॉश कर लें।

**टी ट्री ऑयल का करें इस्तेमाल**

अगर आप सर्दियों में डैंड्रफ से परेशान हो चुके हैं तो ऐसे में टी ट्री ऑयल आपके बेहद काम आएगा। यह एक ये एक पावरफुल एंटी-फंगल ऑयल है। इस तेल की खास बात यह है कि यह डैंड्रफ की मुख्य वजह मसलन यीस्ट या फंगल ओवरग्रोथ को कंट्रोल करता है। बस आप अपने शैम्पू में 2-3 ड्रॉप्स टी ट्री ऑयल मिलाकर इस्तेमाल करें। आपको पहली बार में ही काफी फर्क महसूस होगा।

## ट्रेंड अलर्ट! विंटर सीजन में कश्मीरी कुर्तियां बनीं पहली पसंद, कॉलेज से ऑफिस तक छाएंगे ये नए स्टाइल्स



सर्दियों में आप इन कश्मीरी कुर्तियों को पहनकर आप खुद को ठंड से बताने के साथ अपने लुक को भी स्टाइलिश बना सकती हैं। इन कुर्तियों के साथ आप क्लासी हेयर स्टाइल, लॉन्ग इयररिंग्स और मिनिमल मेकअप के साथ खुद को ग्लैमरस टच दे सकती हैं।

अगर आप भी इस विंटर सीजन अपने लिए कुछ यूनिक स्टाइल करना चाहती है, जिससे कि आपका लुक स्टाइलिश और सबसे जुदा नजर आए। तो आज हम आपको कश्मीरी कुर्तियों के बारे में बताने जा रहे हैं। जिनको कैरी करके आप अपने लुक को गॉर्जियस बना सकती हैं। इस तरह की कुर्तियां कॉलेज से लेकर ऑफिस और फंक्शन तक में पहनकर जा सकती हैं। यह पहनने में काफी आरामदायक होती हैं और इनको कैरी करके आप अपनी ब्यूटी को भी इन्हेंस करती है।

सर्दियों में आप इन कश्मीरी कुर्तियों को पहनकर आप खुद को ठंड से बताने के साथ अपने लुक को भी स्टाइलिश बना सकती हैं। इन कुर्तियों के साथ आप क्लासी हेयर स्टाइल, लॉन्ग इयररिंग्स और मिनिमल मेकअप के साथ खुद को ग्लैमरस टच दे सकती हैं। वहीं इन कुर्तियों के साथ आप हाई हील्स और जूती भी कैरी कर सकती हैं। तो आइए देखते हैं कश्मीरी कुर्तियों के लेटेस्ट डिजाइंस के बारे में...

**ग्रीन कश्मीरी कुर्ती**

ग्रीन कलर की कश्मीरी कुर्ती पहनने में काफी ज्यादा अच्छी लगती है। इस कुर्ती के साथ आप व्हाइट हाईनेक कैरी करके आप खुद को गॉर्जियस और स्टाइलिश लुक पा सकती हैं। इस लुक में परफेक्ट फैशन स्टेटमेंट देने के साथ यह आपको सर्दी से भी बचाएगा। इस कुर्ती के फ्रंट में पिंक का चिकनकारी वर्क हो रहा है। वहीं कुर्ती के बॉर्डर पर एम्ब्रॉयडरी हो रही है। इस कश्मीरी कुर्ती के संग सिल्वर कुंदन इयररिंग्स पहन सकती हैं और पोनी हेयर स्टाइल रखें। आपको इस तरह की कुर्ती 800 से 1200 रुपए तक ऑनलाइन खरीद सकती हैं।

**व्हाइट कश्मीरी कुर्ती**

अगर आपको व्हाइट आउटफिट पहनना पसंद है, तो इस तरह की व्हाइट कश्मीरी कुर्ती बेस्ट ऑप्शन होगा। हर मौके पर व्हाइट कलर काफी रॉयल लुक देता है। इस कुर्ती की मिड लेंथ है और इस पर ग्रीन और पिंक कलर के थ्रेड का काफी वर्क किया गया है। वहीं कुर्ती की बाजू में लूज फिटिंग है। इस कुर्ती का ओवरऑल लुक बेस्ट है और आप रेड या व्हाइट प्लाजो के संग पेयर कर सकती हैं। ऑक्सीडाइज झुमकी बेस्ट ऑप्शन है और साथ ही बालों को खुला रखें।

**मस्टर्ड येलो कश्मीरी कुर्ती**

सर्दियों में लुक को क्लासी टच देने के लिए आप मस्टर्ड येलो कलर की कश्मीरी कुर्ती स्टाइल कर सकती हैं। इस कुर्ती को आप सर्दियों में कैरी करके ऑफिस जा सकती हैं। इस कुर्ती की फिटिंग लूज है और दोनों साइड पॉकेट लगी है। इस कश्मीरी कुर्ती के यॉक पर फ्लोरल थ्रेड वर्क नजर आ रहा है। इन कुर्तियों का फैब्रिक वुलन होता है और इन पर अधिकतर थ्रेड वर्क ही किया जाता है। कश्मीरी कुर्ती के साथ आप मैचिंग बीड्स झुमकी पहनें और पैरों में जूती पहनें। इससे आपको परफेक्ट लगेगा।

कार्ड एवं स्टेशनरी
शादी के कार्ड
2026 डायरी, कैलेन्डर
खत्री स्टेशनर्स
साई मंदिर के सामने, रामलीला मैदान के पास नदेसर, वाराणसी
मो.9335478047,9140457358

लेडिज सूट शॉप
Designer Salwar Suit Lancha, Dress Materials
Shahnaz
GURUBAG, VARANASI PH 2390017

आल टाइप गारमेंट्स शॉप



मेडिकल शॉप
DIABETIC CARE POINT
Retailer Of All Kinds Of Medicines
C. 14/175-2, Amar Nagar, Sonia Road, Varanasi.
Varanasi- 945048570, 9936153614
Bharat Medicals

ज्योतिष एवं रत्न विशेषज्ञ






बच्चों के डॉक्टर
मिनहाज चाइल्ड केयर
Dr. Minhaz Husain
MBBS, MD (Child Specialist)
पूर्व वरिष्ठ नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ (IMS-BHU)
www.minhazchildclinic.com
19A lane no 1, Ravindrapuri colony, Varanasi, UP - 221005
Mob.- 6387438255 / 8058811141

गुप्त रोग विशेषज्ञ
गुप्त रोग, ताकत जवानी
सर्वश्रेष्ठ आयुर्वेदिक क्लिनिक
राना डिस्पेन्सरी
डॉ. राना
Govt Regd. Estd, 1948
निःसंतान, धात रोग, स्वप्नदोष, नामर्दी, कमजोरी इत्यादि
60 वर्षीय अनुभवी से मिलकर लाभ उठायें
समय प्रातः 9 से रात्रि 8 बजे तक रविवार 9 से 1 बजे तक
पताः टकसाल सिनेमा के सामने (नियर ताज होटल) नदेसर, वाराणसी
Mob.: 6386935615, 7388779172

नाक, कान और गला रोग विशेषज्ञ
काशी ई.एन.टी. सेंटर
कान, नाक और गला रोग विशेषज्ञ
डॉ. अमरेन्द्र सिंह M.B.B.S., M.S. (ENT) Mumbai Fellow - Skull Base Surgery (Italy)
सिद्धिगिरीबाग (यूनियन बैंक के सामने) सिगरा, वाराणसी
Mob.: 7052111138, 7052111139, 0542-2411138

लिवर रोग विशेषज्ञ
समर्पण गैस्ट्रो एवं लिवर क्लिनिक
इलाज एवं सुविधाएंः पेट में दर्द, उल्टी, गैस्ट्रिक अल्सर,खूनी उल्टी, कब्ज, मल में रक्त, रक्तस्त्रावी, आईबीएस, आईबीडी, हेपेटाइटिस, पीलिया, लिवर सिरोसिस, लिवर एब्सेस, गैल स्टोन उपचार, अल्सर, आमाश्य में छाला, अन्दरूनी रक्तस्त्राव और एंडोस्कोपी व कोलोनोस्कोपी।
परामर्श समयः 08:30 से 04:00 बजे तक
डॉ. शेखर पूरी
MBBS, MD (IMS-BHU) DM (GASTRO.) SMS Jaipur
माहेश्वरी भवन के पास तुलसीपुर, महमूरगंज वाराणसी। मो. 9587794338

यूरोलॉजी विशेषज्ञ
ओंकार यूरोलॉजी सेन्टर एण्ड हॉस्पिटल
Dr. Amit Kumar
MS.FICS M.ch (Urology)
CONSULTANT UROLOGIST
डायलिसिस की सुविधा उपलब्ध
OPD Time 12 Pm to 2 Pm
Mob: 8957650464
डी.63/13ए-5 अन्नपूर्णा कालोनी महमूरगंज, वाराणसी (नियर पासपोर्ट ऑफिस)

मानसिक रोग विशेषज्ञ
तनाव, अवसाद, घबराहट, बेचैनी,OCD याददाश्त कमजोर होना, स्किजोफ्रेनिया, बाइपोलर, गुस्सा, नींद की परेशानी, सिर दर्द, नशा करना, बच्चों और बड़ो की व्यवहारिक समस्याएं, आत्महत्या का विचार आना, माइग्रेन, न्यूरेल्जिया, सर्वाइकल, हाथ-पांव में झनझनाहट व मिर्गी जैसे अन्य मानसिक रोगों का इलाज उपलब्ध।
रवि न्यूरो सायकेट्री सेंटर (मल्टी स्पेशियलिटी हॉस्पिटल)
लेन नं.-16 रविन्द्रपुरी, वाराणसी मो. 8756837310/ 7880893030
डॉ. श्रेयांस द्विवेदी
मानसिक रोग विशेषज्ञ
MBBS,DPM, MD
Neuropsychiatrist

हड्डी रोग विशेषज्ञ
डा. अनुपम श्रीवास्तव
डा. आरती दिव्या
X-ray in 250 Only
Fee Rs 250 Only
वात्सल्य हॉस्पिटल
जाइंट रिप्लेसमेंट, ट्रामा, आर्थोस्कोपी ( लिगामेंट सर्जरी ) एवं स्पाइन सर्जरी
सिकरौल, वाराणसी। MOB.-9415227170